**खबर संक्षेप**

### भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा आज

**मण्डला।** प्रेम अवतार दास स्वामी ने बताया कि आज भव्य रथयात्रा का आयोजन मंडला नगर मुख्यालय में किया जाएगा। सराफा बाजार स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान जगन्नाथ स्वामी स्थापना होगी और पूजन पाठ के साथ छप्पन भोग अर्पण किया जाएगा और रथ नगर भ्रमण के लिए रवाना होगा। जो कि उदय चौंक बड़ चौराहा, चिलमन चौंक, बस स्टैंड, लालीपुर, बिंझिया, नेहरू स्मारक, बैगाबैगी चौक से कलेक्ट्रेट होते हुए कार्यक्रम स्थल इस्कॉन सेंटर जगन्नाथ हाई स्कूल के सामने पहुंचेगा जहां पर पूजन पाठ के साथ महाप्रसादी का वितरण होगा। श्रद्धालुओं से रथ की डोर खींचने, पुष्प, माला, महाप्रसाद अथवा श्रृद्धापूर्वक एक तुलसी दल अर्पित कर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है। प्रेम अवतार दास स्वामी ने कहा कि भगवान भाव और श्रृद्धा के भूखे हैं तथा निर्मल मन से की गई सेवा ही सच्ची भक्ति है। रथयात्रा के अवसर पर सनातन परंपरा, वैदिक पंचांग आधारित उत्सव, श्रद्धा, सेवा और समर्पण का संदेश भी दिया जाएगा। आयोजन समिति ने इसे केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं बल्कि समाज में आस्था सेवा और सनातन संस्कृति के प्रसार का महापर्व बताते हुए अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की है।

### शुभ पांडे का निधन धर्म भंडारा आज

**नारायणगंज।** पंडित कृष्णा कुमार पांडे के सुपुत्र शुभ पांडे का निधन 17 वर्ष की उम्र में11 जुलाई को हो गया लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया जिसकी आत्मा की शांति के लिए धर्म भंडारा 24 जुलाई 2026 दिन शुक्रवार को रखा गया है।

## मीडिया कमियां बताकर सेवाएं बेहतर बनाने में करती है मदद: कलेक्टर

# इंतजार कीजिये नगर की बदलने वाली है सूरत

*** बस स्टैंड, मंडी, जेल और मांस बाजार की बदलेगी जगह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होने के साथ-साथ प्रशासन के लिए एक सशक्त फीडबैक मैकेनिज्म भी है। मीडिया द्वारा उठाए गए मुद्दे और सुझाव शासन की सेवाओं को और अधिक पारदर्शी व जनोन्मुखी बनाने में सहायक होते हैं।

गुरुवार को जिला योजना भवन में आयोजित प्रेस मीट में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि हमें यह नहीं मान लेना चाहिए कि सभी सेवाएं पूरी तरह से सही चल रही हैं। सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। मीडिया हमें जमीनी स्तर की कमियों से अवगत कराती है, जिससे हम उनमें सुधार कर आमजन को बेहतर सुविधाएं दे पाते हैं।



### मण्डला नगर के लिए बना रोडमैप

कलेक्टर ने मण्डला नगर के सौंदर्यीकरण और सुनियोजित विकास के लिए तैयार किए गए रोडमैप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने के लिए बस स्टैंड, कृषि उपज मण्डी, जिला जेल और मछली-मांस बाजार को चरणबद्ध तरीके से नगर की सीमा से बाहर शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य एक दिन में संभव नहीं है, लेकिन आने वाले वर्षों में यह योजना मूर्त रूप लेगी। इसके साथ ही नवीन कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के पास एक आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और जिला जेल की भूमि पर सुविधायुक्त ऑडिटोरियम बनाने की मंशा से भी कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर ने कहा कि जेल परिसर के खाली हिस्से और जल संसाधन विश्राम गृह के पास स्ट्रीट वेंडर्स के लिए व्यवस्थित और सुरक्षित स्थान चिन्हित किए जाएंगे। शहर के भीतर सड़कों को चौड़ा करने और अतिक्रमण मुक्त करने को प्रशासन की प्राथमिकता बताया।

### मीडिया के सुझावों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन

प्रेस मीट में मीडिया प्रतिनिधियों ने शहर की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए अपने सुझाव रखे। कलेक्टर ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा की। 108 एम्बुलेंस सेवा में आ रही दिक्कतों पर उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर इसका ऑडिट किया जा रहा है और 15 अगस्त तक सेवा व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाएगा।

नालों-नालियों पर अतिक्रमण के संबंध में उन्होंने कहा कि जब भी प्राकृतिक जल निकासी को अवरुद्ध किया जाता है तो जलभराव की स्थिति बनती है। ऐसे अतिक्रमणों को हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट संकल्प और एनीमिया मुक्त मण्डला अभियान की विस्तृत जानकारी दी और मीडिया से इस जनहितैषी अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री शैलेंद्र चौधरी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुश्री अवंतिका श्रीवास्तव सहित जिले के वरिष्ठ मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## रेड ब्रिज कॉन्वेंट प्राइवेट स्कूल की मनमानी



*** महंगी पुस्तकों को खरीदने का बना रहे दबाव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही प्राइवेट स्कूलों की मनमानी शुरू हो जाती है जिसके कारण बच्चों के पुस्तकों का बोझ ज्यादा हो जाता है मनमानी फीस एवं एक ही दुकान से निजी प्रकाशको की पुस्तक कॉपी ड्रेस एवं टाई बेल्ट लेने के लिए कहा जाता है जिसकी शिकायत बीईओ बीआरसी से की गई थी जिस पर करवाई एवं जांच प्राइवेट स्कूलों की गई थी जिसमें कई अनियमितये पाई गई परंतु अभी तक प्राइवेट स्कूल रेड ब्रिज कान्वेंट स्कूल में निजी प्रकाश को की पुस्तक चलाई जा रही हैं एवं पाठ पुस्तक निगम पुस्तक नहीं चलाई जा रही है एवं एक ही दुकानदार के पास रखी गई पुस्तकों को लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है स्कूल के प्रिंसिपल की मनमानी के कारण शिकायत होने के बाद भी अभिभावक को प्राइवेट पुस्तकों कापी ड्रेस बेल्ट लेने के लिए कहा जा रहा है जबकि शासन के निर्देश हैं कि पास पुस्तक निगम की पुस्तक चलाना अनिवार्य हैं परंतु शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए निजी प्रकाश को की पुस्तकें जिनकी कीमत 1400 से 1500सो रुपए है उनको लेने के लिए कहा जा रहा है पाठ पुस्तक निगम की कीमत कक्षा 4 की 289 रुपए है इस प्राइवेट स्कूल में हर वर्ष नए प्रकाश को की पुस्तक चलाई जाती हैं जिससे जिन परिवारों के दो दो तीन बच्चे पढ़ते हैं उन्हें हर वर्ष नई पुस्तकों लेने के लिए बाध्य होना पड़ता है इन स्कूलों में खेलने के मैदान का अभाव पीने के पानी एवं अन्य कई समस्याएं हैं बीच खेत पर स्कूल बनाकर आने-जाने की व्यवस्था सही न होने कारण बच्चों को परेशानी की सामना करना पड़ रहा है आता है उच्च अधिकारी से निवेदन है कि तत्काल इन स्कूल की जांच कर ठोस कार्रवाई करने की दया करें।

## पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने हेतु नगर भाजपा ने सौंपा ज्ञापन



**मण्डला।** प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वेद प्रकाश दुबे सोशल मीडिया प्रभारी नगर भाजपा मण्डला द्वारा बताया गया कि नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत मण्डला एवं उपनगर महाराजपुर के करीब 2 से 3 हजार घर जो कि आबादी क्षेत्र में आते हैं उन सभी लोगों के पास मालीकाना हक नहीं है इस हेतु मुख्यमंत्री को धारणाधिकार योजना पुनः प्रारंभ करने हेतु आवेदन मेरे स्वयं के द्वारा उपस्थित होकर दिया गया था जिसके पश्चात मुख्यमंत्री ने तत्कालीन कलेक्टर जिला मण्डला को निर्देशित किया था कि धारणाधिकार योजना अन्तर्गत सभी पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिया जाये। पात्र परिवारों द्वारा आवेदन किया जा चुका है लेकिन उनकी फाईलें राजस्व कार्यालय में रखी हुई जिसमें कोई कार्यवाही न होने से उनको योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिस संबंध में वेद प्रकाश दुबे के द्वारा जिला कलेक्टर मण्डला को ज्ञापन दिया गया तत्पश्चात कलेक्टर महोदय द्वारा शीघ्र कार्यवाही कर हितग्राहियों को लाभ दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

## मशरूम तोड़ने गए ग्रामीण पर भालू का हमला

*** एंबुलेंस नहीं मिली, 2 घंटे बाद बस से अस्पताल पहुंचा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला जिले के वन ग्राम सैदा में पिहरी (जंगली मशरूम) लेने जंगल गए एक आदिवासी युवक पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। भालू के हमले में युवक का दाहिना हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया।

किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचे पीड़ित को समय पर 108 एंबुलेंस सुविधा नहीं मिल सकी, जिसके चलते उसे दो घंटे बाद बस से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### पिहरी चुनने जंगल गए थे ब्रज बहादुर

जानकारी के अनुसार सैदा निवासी ब्रज बहादुर उईके बारिश के मौसम में उगने वाली पिहरी बीनने जंगल की ओर गए थे। घर लौटते वक्त रास्ते में भालू ने उन पर हमला बोल दिया। किसी तरह भालू के चंगुल से छूटकर वे अपने घर पहुंचे और मदद की गुहार लगाई।

### एंबुलेंस न मिलने से बढ़ी परेशानी, बस से पहुंचे अस्पताल

परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन काफी देर इंतजार के बाद भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद घटना के करीब दो घंटे बाद परिजन घायल को जैसे-तैसे बस के जरिए मवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल मंडला रेफर कर दिया।


### दीमक की बांबी के पास भालुओं का खतरा

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में दीमक की बांबियों के पास पिहरी उगती है, जिन्हें खाने के लिए भालू भी वहां पहुंचते हैं। ऐसे में पिहरी चुनने जाने वाले ग्रामीणों पर वन्यजीवों और सांपों के हमले का जोखिम बना रहता है। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है और आगे की प्रक्रिया की जा रही है।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ सप्तचंडी महायज्ञ

*** जवारे विसर्जन यात्रा में उमड़ी श्रद्धा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अंबेडकर वार्ड स्थित सरिता ओमप्रकाश चावला के निवास पर माता दरबार में निर्माणाधीन नवीन माता मंदिर की पूजन परंपरा के अंतर्गत 11 से 23 जुलाई तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। इस दौरान माता की प्रतिमा के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की गई। पूरे आयोजन के दौरान प्रतिदिन सप्तचंडी के 108 पाठ, हवन एवं विशेष पूजन संपन्न हुए। समापन अवसर पर गुरुवार को सप्तचंडी महायज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें 11 विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ, पूजन एवं महाआरती संपन्न कराई। इसके बाद माता को 56 भोग अर्पित किए गए तथा कन्या पूजन एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सायंकाल अंबेडकर वार्ड स्थित माता दरबार से पारंपरिक जवारे यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रंगरेज घाट पहुंचे, जहां माँ नर्मदा के पावन तट पर पल्लव पूजा एवं जवारे विसर्जन के साथ धार्मिक आयोजन का विधिवत समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



**कार्यवाही** | **नीलेश और पमनानी ट्रेडर्स पर छापामार कार्रवाई, दोनों के संचालकों पर केस।**

# दो दुकानों से लाखों की नकली सिगरेट जब्त

*** नकली समानों का हब बनता जा रहा मण्डला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मंडला जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने नकली और प्रतिबंधित सिगरेट के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो प्रमुख दुकानों पर दबिश देकर करीब 3 लाख रुपये मूल्य की संदिग्ध व प्रतिबंधित सिगरेट जब्त की है। इस मामले में दोनों दुकानदारों के खिलाफ वैधानिक प्रकरण दर्ज किया गया है।

### नीलेश और पमनानी ट्रेडर्स से मिलीं संदिग्ध सिगरेट

यह कार्रवाई आईटीसी लिमिटेड द्वारा अधिकृत 'सिक्योर ब्रांड आईपी एंड कॉपीराइट सर्विसेज, इंदौर' की शिकायत के बाद की गई। पुलिस ने कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ हागगंज बाजार स्थित नीलेश ट्रेडर्स और आंबेडकर वार्ड स्थित पमनानी ट्रेडर्स में जांच की, जहां से ब्रांड से मिलती-जुलती और प्रतिबंधित सिगरेट की खेप बरामद हुई।

### 3 लाख रुपए की सिगरेट जब्त, संचालक गिरफ्तार

कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि नीलेश ट्रेडर्स पर संचालक राजेश वीरानी के पास से लगभग 1.75 लाख रुपए की सिगरेट जब्त की गई। वहीं पमनानी ट्रेडर्स संचालक सनी पमनानी के पास से करीब 1.20 लाख रुपए की सिगरेट बरामद हुई। दोनों दुकान संचालकों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस संयुक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक संजीव उईके, मृदुल पटैल, यमुना सनोडिया, प्रियांश पाठक, रमेश सिंगरोरे, आशुतोष उपाध्याय तथा सिक्योर ब्रांड कंपनी के राज ठाकुर व गौरव कुमार श्रीवास्तव मुख्य रूप से शामिल रहे।

## श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाई गई अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जनपद पंचायत मण्डला अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकरिया में अमर शहीद एवं महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई। ग्राम पंचायत एवं स्थानीय युवाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर आजाद को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उनके साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।

ग्राम पंचायत टिकरिया के सरपंच धर्मेन्द्र कुर्राम ने अपने संबोधन में कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर अमर बलिदान दिया। उनके आदर्शों को अपनाकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में भाजपा बकोरी मंडल के महामंत्री राजेंद्र चंद्रोल, कप्तान अक्षय चंद्रोल, अधिवक्ता सागर पटैल, अजित ठाकुर, अमित सिंगरहा, सुरेंद्र चंद्रोल, विकास चंद्रोल, वरिष्ठ केसु कोकड़िया, डुमरा मरकाम सहित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, स्थानीय युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में सभी ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को नमन करते हुए राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और देशभक्ति की भावना को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# खबर संक्षेप



## आदर्श स्कूल के विद्यार्थियों को डाकघर में कराया शैक्षणिक भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10 के विद्यार्थियों का स्थानीय डाकघर में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को डाक विभाग की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न डाक सेवाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। बताया जाता है कि भ्रमण के दौरान डाकघर के पोस्ट मास्टर उपाध्याय ने विद्यार्थियों को स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डाक, पार्सल सेवा, डाक टिकट, बचत योजनाओं तथा अन्य डाक सेवाओं की विस्तृत जानकारी देते हुये उन्होंने पत्रों की छंटाई, बुकिंग एवं वितरण की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस शैक्षणिक भ्रमण का संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती विद्या विश्वकर्मा एवं शिक्षक देवेंद्र बसेड़िय ने किया। दोनों शिक्षकों ने विद्यार्थियों को ध्यानपूर्वक जानकारी प्राप्त करने तथा सीखी गई बातों को अपने दैनिक जीवन से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यालय के प्राचार्य एस.के. मिश्रा के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं रोचक बताया तथा पोस्ट मास्टर उपाध्याय का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार का मानना है कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान, जिज्ञासा और आत्मविश्वास में वृद्धि करते हैं।

## साईखेड़ा ब्लॉक के स्कूलों में छात्र छात्राओं की गई साईकिलें वितरित



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** गुरुवार को क्षेत्र के साईखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बरहटा के शासकीय हाई स्कूल में 17, बम्होंरी कला, आमगांव छोटा, बनवारी एवं मिढ़वानी (देवरी ) के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में क्रमशः 55, 36,35 एवं 28 छात्र छात्राओं को मप्र शासन की निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के अंतर्गत साईकिलो का वितरण आयोजित समारोह में युवा भाजपा नेता राव अनुज प्रताप सिंह एवं जनप्रतिनिधियों ने किया। इस अवसर पर राव अनुज प्रताप सिंह ने कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जो समय पढ़ाई में लगाते हैं। वही उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनता है। इस दौरान उन्होने आगे कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। जो विद्यार्थी अनुशासन, नियमित अध्ययन और अपने गुरुओं के सम्मान को अपनाता है, सफलता उसके कदम अवश्य चूमती है। हमारे माता-पिता अपने सपनों को त्यागकर हमें पढ़ाते हैं। इसलिए हमारा भी कर्तव्य है कि हम उनकी मेहनत का सम्मान करें, पूरी लगन से पढ़ाई करें और उनके सपनों को साकार करें। आज का युग ज्ञान और तकनीक का युग है। इसलिए पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नई तकनीकों का भी सही उपयोग करें। मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग सीखने के लिए करें। उक्त कार्यक्रमों में अनेक जनप्रतिनिधि गण, भाजपा कार्यकर्ता सहित स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी गण, ग्रामवासी पस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद की बैठक आयोजित



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के राजीव जैन (थाला वालों )के आवास पर बीते हुये दिवस भारत विकास परिषद की बैठक आयोजित की गईं। बताया जाता है कि इस बैठक में भारत विकास परिषद के रीजनल संगठन सचिव सुनील लवंगिकर ने कहा कि भारत विकास परिषद राष्ट्र एवं समाजहित में कार्य करने वाला संगठन है। सभी लोग इससे जुड़े। बैठक में राष्ट्रीय पर्यावरण सदस्य जितेंद्र कुमार शर्मा ने परिषद द्वारा रक्तदान शिविर, नेत्र शिविर, वृक्षारोपण जैसे अनेक अनेक कार्यक्रम किये जाते है। रीजन चेयरमैन सुनील कोठारी ने कहा कि भारत विकास परिषद सेवा, समर्पण आदि उद्देश्यों को लेकर कार्य करता है। सभी सहयोग की भावना से कार्य करते हुए गतिविधियों का संचालन करें। बैठक के अंत में नगर में भारत विकास परिषद का गठन करते हुए मधुसूदन पटैल को सर्वसम्मति से गाडरवारा शाखा अध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अनिल गुप्ता, राजीव जैन, मधुर चाचा, शिक्षक राजेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, सुरेन्द्र पटैल, आयुष कठल. अनमोल जैन आदि उपस्थित रहे।

# डंगहा अंधे हत्याकांड को लेकर डोगरगांव पुलिस की सफलता पर आरोपियों की संख्या सहित स्थानीय मीडिया से दूरी ने खड़े किये अनसुलझे सवाल










**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ एनटीपीसी जैसे अतिसंवेदन शील क्षेत्र में सुरक्षा की जिम्मेदारी जिस तरह अकुंशल अधिकारियों के हाथों में होने के चलते जहां यहां पर अपराधिक घटनाओं में इजाफा होते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर जिस तरह से बीते हुये 19 जुलाई की आधी रात को जिस तरह डोगरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डंगहा गांव में खेत में निवास करने वाले भाईजी पिता प्रताप सिंह कौरव उम्र लगभग 45 साल व उसकी पत्नी श्रीमति सबिता कौरव उम्र लगभग 42 साल जो दोनों पति पत्नी के ऊपर कुछ लोगों द्वारा हमला बोलते हुये जहां पति की हत्या कर दी गई थी। वही पत्नि की गंभीर रूप से घायल किये जाने की घटना से संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया था। वही दूसरी ओर घटना को लेकर मौके पर स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर के पुलिस अधिकारियों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुये जांच शुरू की गई थी। वही दूसरी ओर घटना को लेकर जब पीड़ित पक्ष के परिजनों से चर्चा की गई थी तो उनके द्वारा यह बात स्पष्ट रूप से बताई गई थी कि भाई जी कौरव के न तो किसी से कोई बुराई थी और न ही विवाद था। वही दूसरी ओर परिजनों ने घटना को लेकर इस बात का खुलासा किया गया था कि घायल अवस्था में सबिता कौरव द्वारा जब फोन के माध्यम से अपने बेटा व अन्य परिजनों को घटना की सूचना दी गई थी तो यह बात कही गई थी कि चार लोगों द्वारा घर के अंदर घुसकर पहले पति यानि की भाई जी कौरव पर हमला बोला इसके बाद जब वह बचाने गई तो उसको भी जान से मारने की नियत से फावडा व डंडो से हमला बोला गया। इस तरह जब परिजन मौके पर पहुंचे थें तो भाईजी की मौत हो चुकी थी वही सबिता कौरव को गंभीर अवस्था में इलाज के लिये शासकीय चिकित्सालय लाया गया था जहां से जबलपुर रेफर किया गया था। वही दूसरी ओर घटना को लेकर जब डोगरगांव थाना प्रभारी से चर्चा की गई थी तो उनके द्वारा भी इस बात को उल्लेख किया गया था कि परिजनों के बताये अनुसार घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की संख्या तीन से चार है। वही दूसरी ओर मामले की पूर्ण निः पक्षता के साथ जांच का भरोसा दिया गया था। मगर इस हत्याकांड का जब डोगरगांव द्वारा स्थानीय मीडिया से दूरी बनाते हुये जिला मुख्यालय से खुलासा करते हत्या कांड की गुत्थी को मात्र 72 घंटे में सुलझाने पर वाही वाही लूटी जा रही है। इस खुलासे से न तो परिजन संतुष्ट नजर आ रहे है। वही दूसरी ओर स्थानीय मीडिया से दूरी बनाना इस बात की ओर संकेत देने से नही चूक रही है कि निश्चित तौर से इस मामले की सच्चाई में कुछ इस तरह के अनसुलझे सबाल है जिनके जबावों से डोगरगांव पुलिस द्वारा बचाने के लिये ही दूरी बनाते हुये 56 किलोमीटर दूर बैठकर खुलासा किया गया है..? क्योंकि घटना के बाद से ही परिजनों के बताये अनुसार यह सच्चाई सामने आते हुये सुनाई दे रही थी कि घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की संख्या चार है..? यह बात पुलिस द्वारा भी मीडिया को अपनी जानकारी में बताया गया था। मगर पुलिस द्वारा चंद घंटो के अंदर हत्या कांड की गुत्थी सुलझाने पर वाही वाही लूटते हुये जिस तरह आरोपियों की संख्या दो बताई जा रही है उसको लेकर मृतक के परिजनों में भी अंसतोष फैलने से नही चूक रहा है..? मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा मुख्य आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। अपने खुलासे में पुलिस ने बताया है कि घटना को अंजाम देने बात आरोपियों द्वारा खुद ही स्वीकार की गई है तो यह सर्व विदित है कि किसी भी मामले में किसी भी आरोपी से कोई भी बात स्वीकार करना पुलिस के लिये कोई बड़ी बात नही रहती है और यदि पुलिस चाहे तो पत्थर भी बोलने से नही चूकते है..? इस तरह डोगरगांव पुलिस द्वारा डंगहा गांव में घटित हुये हत्या कांडे के खुलासे में जिस तरह स्थानीय मीडिया से दूरी बनाई गई उससे अपने आप ही सच्चाई पर अनसुलझे सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है..? पुलिस द्वारा किये गये खुलासे में उल्लेखित किया गया है कि बीते हुये 19 जुलाई 2026 को रात्रि लगभग 11:30 बजे थाना डोगरगांव अंतर्गत ग्राम डंगहा में खेत पर रह रहे एक दंपति पर अज्ञात आरोपियों द्वारा जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड, फावड़ा एवं डंडों से हमला किया गया। घटना में पति की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रकरण पंजीबद्ध एवं घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा अरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया। वही दूसरी ओर घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल एवं विशेषज्ञ दल द्वारा वैज्ञानिक परीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए गए। विशेष टीम ने तकनीकी विश्लेषण, वैज्ञानिक साक्ष्यों, घटनास्थल से प्राप्त भौतिक साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक की चीचली निवासी पुष्पराज कौरव से पुरानी रंजिश थी तथा दोनों पक्षों के बीच खेत की मेड़ को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। उक्त तथ्यों के आधार पर पुलिस ने पुष्पराज कौरव को अभिरक्षा में लेकर गहन एवं मनोवैज्ञानिक पूछताछ की। प्रारंभ में आरोपी लगातार अपने बयान बदलता रहा। लेकिन तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के समक्ष अधिक देर तक नहीं टिक सका। पूछताछ में आरोपियों पुष्पराज कौरव ने स्वीकार किया कि उसने अपने मौसेरे भाई अनिकेत कौरव निवासी ग्राम भौंरझिर के साथ मिलकर पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत हत्या की योजना बनाई थी। और 19 जुलाई 2026 की रात्रि लगभग 11:00 बजे दोनों आरोपी मृतक दंपति के खेत स्थित मकान पर पहुंचे। सबसे पहले मकान की बिजली बंद कर चारों ओर अंधेरा किया और इसके बाद लोहे की रॉड, फावड़ा एवं डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में पति की मृत्यु हो गई तथा पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मृतका के सोने के एक जोड़ी टॉप्स, मंगलसूत्र एवं चांदी की पायल लेकर फरार हो गए। वही मामले में आरोपी पुष्पराज कौरव पिता केहरसिंह कौरव, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम डंगहा, हाल निवासी चीचली तथा अनिकेत कौरव पिता यशवंत कौरव, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम भौंरझिर हाल निवासी चीचली को गिरप्तार करते हुये आरोपियों के पास से घायल महिला सबिता कौरव से लूटा गया सोने के एक जोड़ी टॉप्स, मंगल सूत्र, चांदी की एक जोड़ी पायल, एक स्कूटी एवं घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड, फावड़ा एवं डंडा (आलाजरब) जप्त कर प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। हत्या का कारण विवेचना में यह सामने आया कि खेत की मेड़ को लेकर चले आ रहे पुराने जमीनी विवाद एवं आपसी रंजिश के चलते आरोपियों ने पूर्व नियोजित षड्यंत्र रचकर इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया। इस तरह पुलिस द्वारा इस अंधे हत्या कांड की गुत्थी को सुझलाने में एक बडी सफलता मानते हुये खुशी से फूली नही समा रही है। मगर इस खुलासे से मृतक के परिजन संतुष्ट नही है। क्योंकि उनके द्वारा यह बात कही जा रही है कि पुलिस द्वारा अपने ही खुलासे में यह बात बताई गई कि आरोपियों ने घटना को अंजाम फावडा, डंडा व लोहे की राड के माध्यम से दिया गया है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब आरोपी मात्र दो है तो फिर इस तरह घटना में उपयोग किये जाने वाली वस्तु तीन केसे हो गई। वही दूसरी ओर परिजनों का कहना है कि घायल सबिता कौरव द्वारा आज भी यह बात कही जा रही है कि जब घर के अंदर जो लोग प्रवेश हुये थें उनकी संख्या चार थी। वही दूसरी ओर घटना के बाद से स्थानीय मीडिया द्वारा इस मामले की संपूर्ण जानकारी अपने स्तर से कबर कर रही थी उस दौरान भी आरोपियों की संख्या का उल्लेख चार आया था। मगर खुलासे के दौरान डोगगरंव पुलिस द्वारा स्थानीय मीडिया से जिस तरह दूरी बनाई गई उसने पुलिस की इस सफलता की सच्चाई को सबालों के घेरे में खड़ा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीतल नगरी चीचली में हुआ एक हजार पौधों का रोपण, रैली निकालकर नागरिकों को दिया पर्यावरण की रक्षा का संदेश







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद चीचली द्वारा व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लगभग एक हजार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृत्व सम्मान का संदेश दिया गया। आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में नगर परिषद के अधिकारी बाघमारे सहित कर्मचारी, स्व-सहायता समूह की सदस्य, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के शिक्षक, बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं और आम नागरिकों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सभी ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर आम, कटहल, जामुन, काजू, अमरूद एवं अशोक जैसे फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया, जो भविष्य में क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जनजागरूकता के उद्देश्य से विद्यार्थियों द्वारा नगर में रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को पौधों के संरक्षण और देखरेख के प्रति भी प्रेरित किया गया। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज में सकारात्मक और भावनात्मक संदेश देने का सशक्त माध्यम भी बन रही है।

# नगर पालिका परिषद की बैठक अनेक मुद्दों पर चर्चा करते हुये विकास कार्यों के लिये पास किये प्रस्ताव





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर को विकास की ओर ले जाने की सोच रखने वाले नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा सर्व सहमति से जिस तरह विकास की गति प्रदान की जा रही है उसके चलते शहर की सूरत बदलने से नही चूक रही है। इसी के चलते बीते हुये गुरूवार को नगर पालिका परिषद के सभागार कक्ष में परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक में नपा अध्यक्ष, मुख्य नपा अधिकारी सहित नगर के 24 वार्डों के पार्षदगण सभापति एवं नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नगर विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही परिषद की बैठक में सामग्री क्रय, निविदा आमंत्रण से लेकर आय व्यय को लेकर आपसी सहमति के बाद प्रस्तुत प्रस्तावों को पारित किया गया। परिषद की बैठक के विषय में कुल 11 एजेण्डे शामिल किये गये थे, जिसमें नगरीय क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों हेतु टेंट एवं साउण्ड सामग्री के लिये निविदा आमंत्रित किये जाने के आलवा नगर के प्रमुख स्थानों पर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड एवं फ्लेक्स लगाने के वार्षिक निविदा आमंत्रित किये जाने हेतु। वही विघुत में उपयोग किये जाने वाली सामग्री का निविदा आमंत्रित किये जाने, नपा कर्मचारियों के बकाया वेतन भुगतान के संबंध में, इंडोर स्पोर्टस काम्पलेक्स कार्य की समयावधि बढ़ाने के संबंध में चर्चा के आलवा खेल मैदान एवं एएचपी निर्माण कार्य एवं वित्तीय वर्ष हेतु निकाय में आवष्यकतानुसार कर्मचारियों को आउट सोर्स प्रिक्रिया के तहत लगाये जाने के संबंध में चर्चा की गई। वही नगर के राजेन्द्र बाबू वार्ड में टंगना पुल से मुन्नालाल मरैया इमलिया तक सीसी रोड निर्माण किये जाने के संबंध में एवं नगर से गुजरने वाले नाले एवं नालियों को एकत्रित करते हुये वॉटर ट्रीटमेंट कर शक्कर नदी में पहुंचाने के संबंध में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जाने हेतु न्यूनतम दर पर निविदा आमंत्रित किये जाने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किये गये। वही इस एजेंण्डे में शामिल सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा उपरांत पार्षदों की सहमति से पारित किये गये। इसके साथ ही अध्यक शिवाकांत मिश्रा की अनुमति से नगर के नये बस स्टैण्ड में शेष बची दुकानों की नीलामी आदि पर भी विस्तृत चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये।बैठक में प्रमुख रूप से नपा अध्यक्ष पं. षिवाकांत मिश्रा, मुख्य नपा अधिकारी श्रीमति रितु मेहरा, नेता प्रतिपक्ष जिनेष जैन, सभापति पार्षद आनंद दुबे, सुरेन्द्र गुर्जर, शुभम राजपूत, चंचल कोरी, श्रीमति पूजा राधामोहन तिवारी, जितेन्द्र जायसवाल, आरती विष्वकर्मा, अर्चना धानक, श्रीमति सुबी आयुष जैन, श्रीमति गीता चौकसे सहित निकाय के समस्त विभागों के प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## खून पसीने से तैयार की गई मूंग के भाव से निराश अन्नदाता ने अब भविष्य की उम्मीदों को लेकर शुरू की गई सोयाबीन सहित अन्य फसलों की बोनी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर से दुनिया को पेट पालने वाले अन्नदाता किसान भले ही चारों ओर मुश्बितों से घिरा रहता है और अपने आंसों समेटते हुये नई उम्मीदों को लेकर खेतों में नजर आने से नही चूकता है। क्योंकि जिस प्रकार से किसानों द्वारा अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के सपने संजोकर गर्मी सीजन में मूंग लगाई थी और जब नेताओं से लेकर अधिकारी व आमजन आग उगलते हुये सूरज की तपन के दौरान अपने घरों में कुलर की हवा में सो रहे थें। मगर अन्नदाता किसान तपती हुई दोपहरी में अपने खेतों के बीच मूंग फसल को तैयार करने में जुटा हुआ नजर आ रहा था। अन्नदाता को उम्मीद थी कि सरकार द्वारा उसकी मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदते हुये मूंग फसल को तैयार करने में लगाई गई लागत अदा कर देगी और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो जावेगा। मगर समय रहते हुये सरकार द्वारा मूंग फसल का समर्थन मूल्य पर खरीदी नही किये जाने के कारण अधिकांश किसानों द्वारा मायूस होकर अपनी मूंग फसल को मजबूरी के चलते ओने पोने दामों में खुले बाजार में विक्रय करने के लिये मजबूर हो गया है। क्योंकि सरकार द्वारा मात्र 25 प्रतिशत मूंग की खरीदी करने से किसानों की लागत भी खड़ी नही हो रही है। क्योंकि हर छोटे किसानों की मजबूरी होती है कि फसल की कटाई के बाद वह ज्यादा समय तक अपने घर में नही रख सकता है। पहली बात तो छोटे किसानों के पास इतनी जगह नही होती है कि वह फसल को रख सके। वही दूसरी बात यह होती है कि किसान फसल तैयार करने में जो लागत लगाता है वह उधर लेकर लगाई जाती है इस स्थिति में उसे वह कर्ज चुकता करना होता है। इसके साथ ही हर छोटे किसानों को अपने घर को चलाने के लिये जरूरतों को पूरा करने के लिये पैसों की जरूरत होती है इस स्थिति में हर छोटे किसान को अपनी फसल काटने के बाद शीघ्र ही बेचने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इस स्थिति में सरकार द्वारा जिस तरह काफी समय के बाद भी पूरी मांग को समर्थन मूल्य पर न खरीदने की जो घोषणा की गई है उसका लाभ छोटे किसानों को तो किसी भी स्थिति में मिलना संभव नही है..? यह बात जरूर है कि इसका लाभ बडे व प्रभावशाली किसानों के साथ साथ व्यापारियों को जरूर मिलने से नही चूकेगा..? मगर इसके बाद भी अपनी नई उम्मीदों को लेकर इस समय परेशानियों का सामना करते हुये अपने खेतों में सोयाबीन की बोनी सहित धान रोपने की तैयारी में जुटा हुआ देखाई देने लगा है। बताया जाता है कि बीते हुये लगभग एक सप्ताह से हो रही रिमझिम बारिश के दौरान जिस तरह बीते हुये मंगवार बुधवार बारिश होने के बाद गुरूवार को ब्रेक लगा हुआ देखा गया था उस दौरान हर किसान के खेत में सोयाबीन की बोनी करते हुये ट्रेक्टर दिखाई देने से नही चूक रहे थें। क्योंकि मौसम ने जिस प्रकार मात्र दो दिन की ढील देने के बाद फिर बारिश ने अपनी गति पकड़ने के कारण किसानों को चिंता में देखा जा रहा है। किसानों का कहना है कि अभी मात्र साधन संपन्न माने जाने वाले कुछ किसानों के खेतों में ही सोयाबीन की बोनी हो पाई है। यदि मौसम का यही हाल बना रहा तो किसानों की सोयाबीन बोनी लेट होने से नही चूक पायेगी और किसान के ऊपर प्रकृति की मार का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ सकता है।

## सांगई के स्कूल में मनाई गई लोकमान्य तिलक एवं चंद्रशेखर जयंती



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** बच्चों को महापुरूषों की सच्चाई से अवगत कराने की सोच रखते हुये बीते हुये गुरुवार को ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई गईं। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने श्री तिलक एवं आजाद के चित्रों पर तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक मधुसूदन पटैल ने महापुरुषो की जीवनी पर अपने विचार रखते हुए कहा कि लोकमान्य तिलक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वे सूर्य थे जिन्होंने देशवासियों के मन से भय को मिटा दिया। वे जानते थे कि जब तक भारतवासी अपने अधिकार और अपनी संस्कृति को नहीं पहचानेंगे तब तक आज़ादी असंभव है। प्राथमिक शिक्षक विवेक नाईक ने कहा कि तिलक जी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ 'केसरी' और 'मराठा' अखबारों के माध्यम से जनता में क्रांति की अलख जगाई। उन्होंने "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा"का नारा दिया था। इस कार्यक्रम में अतिथि शिक्षक चंद्रभूषण नामदेव ने कहा कि यदि तिलक जी ने विचारों की क्रांति से स्वराज की मांग की तो चंद्रशेखर आजाद ने उस मांग में अपने प्राणों का होम करने का संकल्प लिया। उन्होंने दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे!"का नारा दिया था। कार्यक्रम में शिक्षक देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर सहित छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गाडरवारा**
**जिला -नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**इश्तहार सूचना**
**भवन/प्लाट नामांतरण सूचना वर्ष 2026-27**
क्रमांक/827/ राजस्व शाखा /न.पा.प. /2026
**गाडरवारा, दिनांक 21/07/2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामातंरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज **दिनांक 21/07/2026** से 15 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित अपत्तियाँ मान्य नही की जावेगी।

प्र.क्र. -121/26-27 व आवेदन दिनांक 08/06/2026
**वार्ड का नाम-** निरंजन वार्ड
**मकान/प्लाट -** खाली प्लाट
**सम्पत्ति हस्ता. का माध्यम-** ई रजिस्ट्री + खसरा नकल
**हस्तांतरण कर्ता का नाम-** उमेश कुमार आ. रघुवर प्रसाद द्विवेदी
**हस्तातरिणी का नाम-** श्रीमती गीता W/O संतोष सोनी

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गाडरवारा**

## खबर संक्षेप

### विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं पंडित चंद्रशेखर आजाद की जयंती

**डिंडौरी।** नगर स्थित राजूषा हायर सेकेंडरी स्कूल में 23 जुलाई 2026 को महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक भाषण, कविता, गीत एवं नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर सिंह ने अपने संबोधन में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के प्रसिद्ध उद्घोष, "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा", का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति एवं त्याग का स्मरण कराते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्रसेवा, अनुशासन और ईमानदारी के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही देश के जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान शिक्षिका श्रीमती विधि तिवारी एवं विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से सारे जहां से अच्छा, हिंदुस्तां हमारा गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका श्रीमती रश्मि पटेल एवं श्रीमती विधि तिवारी ने किया।

### अनूपपुर की दो बेटियों ने बढ़ाया जिले का मान एनएफएसयु में हुआ चयन

**अनूपपुर।** जिले के लिए गर्व की बात है कि नगर की दो प्रतिभाशाली छात्राओं अदिति वत्स और प्रकृति वत्स का चयन देश के प्रतिष्ठित नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) में हुआ है। अदिति वत्स को कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर एनएफएसयू, गांधीनगर (अहमदाबाद) में मास्टर ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (फोरेंसिक साइंस) पाठ्यक्रम में प्रवेश मिला है। उन्होंने बीएससी विज्ञान संकाय से प्रथम श्रेणी में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद कैट परीक्षा दी थी। जबलपुर केंद्र से परीक्षा में शामिल हुईं अदिति ने निर्धारित कटऑफ से अधिक अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। वे दो वर्षीय पाठ्यक्रम के दौरान फोरेंसिक प्रबंधन के विभिन्न आयामों का अध्ययन करेंगी। वहीं, प्रकृति वत्स ने बीए-एलएलबी की पढ़ाई पूरी करने के बाद उच्च न्यायालय, जबलपुर में अधिवक्ता के रूप में कार्य किया। उन्होंने सेंट्रल यूनिवर्सिटी एडमिशन टेस्ट (सीयूईटी-पीजी) उत्तीर्ण कर एनएफएसयू, भुवनेश्वर में साइबर सिक्योरिटी विषय से एक वर्षीय एलएलएम पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है। दोनों बहनें अनूपपुर नगर के वार्ड क्रमांक-14, चेतनागर की निवासी हैं। उनकी माता श्रीमती संध्या पांडे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बस स्टैंड अनूपपुर में गणित विषय की शिक्षिका हैं, जबकि पिता डॉ. दीपक कुमार पांडे (पीएचडी, अपराध शास्त्र) उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। परिवार में बचपन से मिले शैक्षणिक वातावरण और माता-पिता के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि दोनों बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित कर अनूपपुर का गौरव बढ़ाया है।

### अनूपपुर पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

**अनूपपुर।** जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब ने गुरुवार को पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया। जारी आदेश के अनुसार जिले के 7 थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। वहीं, पूर्व में किए गए दो उपनिरीक्षकों और एक सहायक उपनिरीक्षक के स्थानांतरण आदेश में संशोधन करते हुए उन्हें उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल पर ही यथावत रखा गया है। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक संजय अशोक इक्का को कोतवाली अनूपपुर का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं निरीक्षक राधिका भगत को आजाक थाना अनूपपुर से स्थानांतरित कर भालूमाड़ा थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सनातन संस्कृति का संदेश लेकर निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

शहपुरा।

**आषाढ़ शुक्ल नवमी के पावन अवसर पर शहपुरा नगर भगवान जगन्नाथ की भक्ति और श्रद्धा में सराबोर नजर आया। अंतर्राष्ट्रीय इस्कॉन मंदिर संस्था एवं नगर के श्रद्धालुओं के संयुक्त तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य रथयात्रा धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच निकाली गई।**







हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर रथ की रस्सी खींची और पूरे नगर में 'जय जगन्नाथ' तथा 'हरे कृष्ण-हरे राम' के जयघोष गूंजते रहे।रथयात्रा का शुभारंभ नगर के प्राचीन देवी मढ़िया मंदिर से हुआ। यहां भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को विधि-विधान से 56 भोग अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती संपन्न हुई। इसके पश्चात तीनों देवों को आकर्षक ढंग से सुसज्जित रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ रथ की रस्सी खींचते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया। रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव शक्ति चौक स्थित साहू समाज मां कर्मा देवी शिव मंदिर पहुंची। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। वहीं कई स्थानों पर प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजन का विशेष आकर्षण भारत के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं के साथ रूस से पहुंचे इस्कॉन के विदेशी भक्त रहे। विदेशी श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की भक्ति में पूरी तरह लीन दिखाई दिए। उन्होंने 'हरे कृष्ण-हरे राम' संकीर्तन पर भजन-कीर्तन करते हुए उत्साहपूर्वक नृत्य किया। भारतीय और विदेशी श्रद्धालुओं की संयुक्त सहभागिता ने रथयात्रा को अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया और उपस्थित लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।पुरी की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा की तर्ज पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। रथयात्रा के दौरान पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं की अपार आस्था, अनुशासन और उत्साह ने शहपुरा की इस भव्य रथयात्रा को यादगार बना दिया।

## युवा मोर्चा ने मनाई अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती



**शहपुरा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, जिला डिंडोरी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के निर्देशन एवं प्रदेश महामंत्री राकेश सिंह परस्ते के मार्गदर्शन में शाहपुरा स्थित शहीद स्मारक पर अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित ज्ञान त्रिपाठी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन दास चक्रवर्ती, युवा मोर्चा जिला महामंत्री हरिहरन रजक, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता, सत्यम मानिकपुरी, नीरज राजपूत, आदित्य राज गुप्ता, ईशान पाठक, हिमांशु अग्रवाल, रविश साहू, साहिल साहू, मुदित गुप्ता तथा पूर्व युवा मोर्चा जिला महामंत्री अरुण गुप्ता (गोलू) सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।



## जंतर-मंतर घटना के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**शहपुरा।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुई घटना के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहपुरा ने प्रदर्शन कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार शहपुरा के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय राय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उनका कहना था कि जंतर-मंतर की हालिया घटना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है, इसलिए इसकी निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए।

## समय पर पंचायत कार्यालय नहीं पहुंचने पर सचिव को सीईओ का नोटिस, मांगा स्पष्टीकरण



**शहपुरा।** ग्राम पंचायत कंचनपुर में पंचायत सचिव के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने तथा पंचायत भवन में ताला लगे रहने संबंधी समाचार प्रकाशित होने के बाद जनपद पंचायत शहपुरा प्रशासन हरकत में आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) गणेश पांडे ने संबंधित पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर तत्काल स्पष्टीकरण मांगा है।22 जुलाई 2026 को जारी नोटिस के अनुसार ग्राम पंचायत छीरपानी एवं कंचनपुर की सचिव सरिता श्रीवास्तव से प्रकाशित समाचार में लगाए गए तथ्यों पर स्पष्ट एवं तथ्यात्मक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि समाचार के अनुसार पंचायत कार्यालय समय पर नहीं खुलने से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सचिव नियमित रूप से कार्यालय नहीं पहुंचतीं, जिसके कारण पंचायत भवन अक्सर बंद रहता है।सीईओ ने निर्देशित किया है कि सचिव निर्धारित समय-सीमा में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित सचिव की होगी।

# डिंडौरी में नशामुक्ति अभियान तेज, 20 हजार से अधिक लोगों तक पहुंचा जागरूकता संदेश





डिंडौरी।

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन में जिले में संचालित "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान के तहत गुरुवार को जिले के 25 स्थानों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान 20 हजार 397 से अधिक लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।अभियान के अंतर्गत बसों, ऑटो-रिक्शा, टैक्सियों एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन वाहनों पर नशामुक्ति संबंधी पोस्टर लगाए गए। वहीं नगर परिषद की एलईडी स्क्रीन पर नशामुक्ति से जुड़े संदेश और लघु फिल्मों का प्रदर्शन कर आमजन को जागरूक किया गया। इसके अलावा विद्यालयों, छात्रावासों, साप्ताहिक हाट-बाजार, बस स्टैंड, गांवों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर छात्र-छात्राओं, युवाओं, किसानों, व्यापारियों, वाहन चालकों और आम नागरिकों को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, एसडीओपी बजाग विवेक कुमार गौतम, थाना प्रभारी करंजिया एवं पुलिस टीम ने मॉडल स्कूल करंजिया में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशे से होने वाले नुकसान से अवगत कराया। इस अवसर पर सभी को नशामुक्त रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई।जिले के अन्य क्षेत्रों में एसडीओपी डिंडौरी सतीष द्विवेदी, डीएसपी महिला सुरक्षा पुरुषोत्तम मरावी, कोतवाली थाना प्रभारी दुर्गाप्रसाद नगपुरे, यातायात थाना प्रभारी सुभाष उईके सहित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रमों के दौरान पंपलेट वितरण, जागरूकता वीडियो प्रदर्शन, जनसंवाद तथा शपथ ग्रहण जैसे आयोजन किए गए। साथ ही नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव का संदेश भी दिया गया।जिला पुलिस ने नागरिकों से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की है। पुलिस के अनुसार "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान जिलेभर में निरंतर जारी रहेगा।

## अमरकंटक में अमृत हरित महा अभियान के तहत 3 हजार पौधों का वृहद पौधारोपण

## आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल व कलेक्टर हर्षल पंचोली ने किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक को हरित, स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को नगर परिषद अमरकंटक के तत्वावधान में अमृत हरित महा अभियान-2026 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-4 स्थित टीसीपीसी परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत लगभग 3 हजार फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर हर्षल पंचोली, एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से आम का पौधा रोपकर अभियान का शुभारंभ किया और अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका संरक्षण करने का संदेश दिया। अपने संबोधन में रामलाल रौतेल ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के बीच वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का आह्वान किया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि पौधारोपण तभी सफल माना जाएगा जब लगाए गए पौधों का नियमित संरक्षण और देखभाल सुनिश्चित हो। उन्होंने विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों से अपने घरों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने तथा हरियाली बढ़ाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। एसडीएम वसीम अहमद भट्ट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से ही प्रकृति का संतुलन बनाए रखा जा सकता है। अभियान के दौरान आम, अशोक, जामुन, कटहल, आंवला और गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के लगभग 3 हजार पौधे लगाए गए। नगर परिषद ने पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा और रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी बात कही, ताकि अभियान का उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित न रहकर स्थायी हरित विकास का माध्यम बन सके। इस अवसर पर अमरकंटक के वरिष्ठ नागरिक अंबिका प्रसाद तिवारी, रामगोपाल द्विवेदी, रोशन पनारिया, प्रकाश द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी, सूरज साहू, राजेश बर्मन, सुखनंदन सिंह, पत्रकार उमाशंकर पाण्डेय मुन्नू, नगर परिषद के पार्षद, अधिकारी-कर्मचारी, प्राचार्य, शिक्षक, बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने एक पौधा-एक संकल्प और हरियाली बढ़ाएं, पर्यावरण बचाएं जैसे संदेशों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन हरित अमरकंटक के निर्माण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और भावी पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। नगर परिषद द्वारा संचालित अमृत हरित महा अभियान-2026 के तहत नगर क्षेत्र में 3 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो अमरकंटक को पर्यावरणीय दृष्टि से और अधिक समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## हाईकोर्ट के निर्देशों की अनदेखी के आरोप, हटाई गई होर्डिंग दोबारा लगाए जाने से विवाद



**डिंडौरी।** नगर परिषद डिंडौरी द्वारा नगर क्षेत्र में लगाए गए कथित अवैध होर्डिंग को लेकर विवाद गहरा गया है। शिकायतकर्ता रोहित कांस्कार ने आरोप लगाया है कि शिकायत के बाद नगर परिषद ने संबंधित होर्डिंग को हटाया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसी स्थान पर दोबारा लगा दिया गया। आरोप सही पाए जाने पर मामला प्रशासनिक कार्यप्रणाली के साथ न्यायालय के निर्देशों के पालन पर भी सवाल खड़े कर सकता है।रोहित कांस्कार के अनुसार उन्होंने 16 जुलाई 2026 से नगर परिषद और संबंधित अधिकारियों को कई आवेदन एवं शिकायतें देकर नगर क्षेत्र में लगाए गए कथित अवैध होर्डिंग हटाने की मांग की थी। शिकायतों के बाद नगर परिषद का अमला शाम करीब 6:10 बजे मौके पर पहुंचा और संबंधित होर्डिंग को हटा दिया। इससे उन्हें लगा कि नियमों के अनुरूप कार्रवाई पूरी कर ली गई है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि कुछ समय बाद किसी अधिकारी के पास फोन आने के बाद नगर परिषद के कर्मचारियों ने उसी स्थान पर फिर से वही होर्डिंग लगा दी। उनका कहना है कि यदि ऐसा हुआ है तो यह नियमों के पालन और प्रशासनिक निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।रोहित कांस्कार ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारी, राजस्व अधिकारी अथवा अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना हुई है तो उस पहलू की भी जांच की जानी चाहिए।शिकायतकर्ता का कहना है कि कानून सभी के लिए समान है और किसी भी व्यक्ति या संस्था को न्यायालय के आदेशों अथवा निर्धारित नियमों की अनदेखी करने का अधिकार नहीं है उन्होंने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता: कलेक्टर





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गुरूवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीबी उन्मूलन, सीएम हेल्पलाइन, दस्तक अभियान एवं मानसूनी बीमारियों की रोकथाम से जुड़े विभिन्न विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.के. चैधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) राधेश्याम वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित कार्यक्रमों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अभियान चलाकर करें लक्ष्य की पूर्ति

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन, चार एएनसी जांच, एनीमिया (मॉडरेट एवं सीवियर) तथा पीआईएच के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य की पूर्ति की जाए। उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरसिंहपुर में अपेक्षाकृत कम पंजीयन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही सभी विकासखंडों में प्रतिदिन डिलीवरी संबंधी जानकारी समय पर अपडेट करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी। गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल (एचबीएनसी) कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान करेली एवं गोटेगांव विकासखंड में कम प्रगति पाए जाने पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया तथा संबंधित कम्युनिटी मोबिलाइजर के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### प्रतिदिन निरीक्षण के दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन स्वास्थ्य संस्थानों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के पद रिक्त हैं, वहां निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्रों से अतिरिक्त प्रभार देकर सेवाएं प्रभावित न होने दी जाएं। उन्होंने जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू एवं महिला वार्ड का प्रतिदिन निरीक्षण करने के लिए सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन को निर्देशित किया। टीबी उन्मूलन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने टीबी स्क्रीनिंग एवं एक्स-रे ऑफरिंग शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने तथा आगामी 15 अगस्त 2026 से पूर्व सभी पात्र टीबी मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एनसीपीसी के माध्यम से समाजसेवियों एवं व्यापारिक संगठनों का सहयोग लेकर प्रत्येक टीबी मरीज तक पोषण सहायता पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों एवं नॉन-पेमेंट प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### उपचार में ना हो लापरवाही

उन्होंने हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं से व्यक्तिगत संपर्क बनाए रखते हुए उनकी नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। दस्तक अभियान की समीक्षा के दौरान उन्होंने डिजिटाइजेशन एवं स्क्रीनिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही आरबीएसके टीमों को बच्चों की स्क्रीनिंग, समयबद्ध फॉलोअप तथा सैम एवं मैम बच्चों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के लिए कहा। बैठक के अंत में कलेक्टर ने मानसून के दौरान डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी सर्विलांस, समय पर उपचार एवं व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थान आवश्यक दवाओं एवं संसाधनों से सुसज्जित रहें तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कमी न रहे।

## खबर संक्षेप

### दीपक शर्मा डिप्टी रेंजर पद पर पदोन्नत



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस मप्र वन विभाग से दीपक कुमार शर्मा को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के चलते विभाग ने वनपाल डिप्टी रेंजर के पद पर पदोन्नत किया है। पदोन्नति के इस हर्ष के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा उनके कंधों पर नए स्टार लगाकर उन्हें इस महत्वपूर्ण नवीन जिम्मेदारी की बधाई दी है। वन संपदा की रक्षा और विभागीय दायित्वों के निर्वहन में उनकी सक्रिय भूमिका हमेशा सराहनीय रही है। उनकी इस उपलब्धि से उनके गृह नगर तेंदूखेड़ा तथा पूरे विभागीय अमले शुभचिंतकों ने उन्हें बधाईयां प्रेषित की हैं।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या, परिजनों ने लगाए आरोप

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना कोतवाली क्षेत्र में 26 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना टट्टा पुल के पास हुई। किसानी वार्ड निवासी करन रैकवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। परिजनों के अनुसार, करन उत्कृष्ट विद्यालय के पास स्थित एक नाश्ते की दुकान पर काम करता था। उनका आरोप है कि बुधवार को दुकान संचालक से हुए विवाद के बाद वह मानसिक रूप से परेशान था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस कार्यस्थल से जुड़े लोगों और संबंधित दुकान संचालक से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

### याद किए गए मुकेश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस आनंदम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा सिने जगत के मशहूर गायक मुकेश चंद्र माथुर का 103 वा जन्मदिन स्वर गंधर्व कार्यक्रम अभिनंदन गार्डन में सनातन परंपरा से शुरू हुआ। ग्रुप के सबसे बड़े सदस्य के राम गोपाल पाठक के द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं मनीषा धुर्वे , माधव शिन्दे द्वारा मां की वंदना से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुकेश के जोरदार गीतों की प्रस्तुति देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। अनिल नेमा के द्वारा मुकेश चंद माथुर का सफरनामा बताया गया। कार्यकम में भागीरथ विश्वकर्मा, मुकेश शर्मा, संजय मेहरा, अरविंद पाठक, बृजेश विश्वकर्मा आदि ने मुकेश के शानदार नगमे प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन भागीरथ विश्वकर्मा ने किया । आभार प्रदर्शन संजय मेहरा द्वारा किया गया।

### फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026-27 की अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई 2026 की अंतिम तिथि से पहले अनिवार्य रूप से कराएं। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान के विरुद्ध मजबूत आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना के तहत जिले में धान (असिंचित एवं सिंचित), मक्का, सोयाबीन, तुअर और उड़द फसलों को शामिल किया गया है। किसानों को बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम अदा करना होगा, जबकि शेष प्रीमियम शासन द्वारा वहन किया जाता है। किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा जैसे अतिवृष्टि, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि या अन्य अधिसूचित जोखिमों से फसल को नुकसान होने पर किसानों को योजना के प्रावधानों के अनुसार बीमा दावा प्राप्त होगा।

## नारी कल्याण संगठन ने किया वृक्षारोपण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नारी कल्याण संगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक स्थानीय विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मुहिम के तहत रोशन धौरेलिया इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को शामिल किया गया, जिनके माध्यम से परिसर में पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती और गणेश वंदना के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय प्रबंधन द्वारा संगठन की सदस्य महिलाओं का स्वागत किया गया। इस दौरान तीसरी और चैथी कक्षा के विद्यार्थियों ने संक्षिप्त वक्तव्यों के माध्यम से पर्यावरण संतुलन और हरित क्रांति के महत्व पर अपने विचार रखे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण प्रक्रिया में अपनी हिस्सेदारी दर्ज कराई। इस अवसर पर संगठन की सचिव ज्योति चैहान, उपसचिव साधना जायसवाल, विद्यालय संचालिका सोनाली धौरेलिया, प्राध्यापिका नीतू सिंह, अरुणा दुबे, सुमन शर्मा, सुधि नेमा, स्वाति जायसवाल, शिल्पा जायसवाल और सरिता गुमास्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## सरस्वती विद्यालय में मनाई गई अमर शहीदों की जयंती



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती संस्था प्राचार्य हरि ओम शरण कोरी की अध्यक्षता तथा प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर के मुख्य आतिथ्य व वरिष्ठ आचार्य नरेंद्र सिंह राजपूत की उपस्थिति में गरिमामय ढंग से मनाई गई। सौम्या नौरिया कक्षा चतुर्थ तथा अंबिका यादव कक्षा नवम द्वारा क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद, लोकमान्य तिलक के जीवन चरित्र, प्रेरक प्रसंग को हिंदी एवं अंग्रेजी उद्बोधन के माध्यम से व्यक्त किया साजिया कुंजड़ा कक्षा सप्तम द्वारा व्यक्तिगत गीत तथा कंचन चैधरी, वंदना चैधरी कक्षा षष्ठ द्वारा समूह गीत के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की भावना प्रदर्शित की गई अंश स्थापक कक्षा एकादश द्वारा स्वरचित कविता के माध्यम से वीर बलिदानियों को नमन किया वरिष्ठ आचार्य श्रीमती ज्योति जोशी ने मंच संचालन करते हुए गुरु तत्व की महिमा का बोध कराते हुए क्रांति वीरों की शहादत के प्रेरणादाई प्रसंगों को रखा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान पाराशर द्वारा अपने उद्बोधन में देश की आजादी में क्रांतिवीरों के योगदान को रेखांकित करते हुए चंद्रशेखर आजाद के शौर्य पराक्रम की घटनाओं तथा लोकमान्य तिलक की जेल जीवन में लिखी गीता रहस्य व गणेश उत्सव जैसी सांस्कृतिक परंपराओं को राष्ट्रीय एकात्म से जोड़ा प्राचार्य श्री कोरी द्वारा अध्यक्षीय आशीष बचन में क्रांतिवीरों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

## आजाद प्रेरण पर्व पर युवाओं ने ली विकसित भारत संकल्प की शपथ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर आयोजित आजाद प्रेरणा पर्व स्थानीय सुभाष पार्क स्थित चंद्रशेखर आजाद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, सोशल मीडिया जिला संयोजक श्रीकांत श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा, कार्यक्रम प्रभारी आकाश सेन, सह प्रभारी अभिषेक रघुवंशी एवं संदीप पटेल की उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। राष्ट्रभक्ति और भारी उत्साह के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं और स्थानीय युवाओं ने मिलकर देश की आजादी के महानायक को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पं रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, कार्यक्रम प्रभारी भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आकाश सेन ने संबोधित किया। कार्यकर्ताओं को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई गई। उक्त जानकारी देते हुए युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अभिषेक रघुवंशी एवं आभार युवा मोर्चा के गोटेगांव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संदीप पटेल ने किया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुये बेरहमी पूर्ण तरीके से लाठीचार्ज तथा उनके समर्थन में सामने आये कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध स्वरूप ब्लाक एवं नगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी द्वारा पूज्य महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए एक रैली निकाल कर तहसील कार्यालय पहुंचकर देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि नीट परीक्षा पेपर लीक विषय की उच्च स्तरीय जांच संवैधानिक अधिकारों की मांग कर रहे छात्रों के साथ और राहुल गांधी के साथ हुये दुर्व्यवहार गिरफ्तारी की निष्पक्ष जांच दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाये। रैली ज्ञापन के पूर्व गांधी प्रतिमा के समक्ष उपस्थित कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता अजय गुप्ता वीरेंद्र मोदी राजकुमार तिवारी रवि नामदेव कमल जैन एवं ओमप्रकाश पटेल अपनी बात रखते हुए राम मंदिर का चंदा चोरी नागरिकों के मौलिक अधिकारों दबाने लाठीचार्ज करवाने या किसी एजेंसी के माध्यम से जांच के नाम पर दबाने किसानों की समस्यायों को नजरंदाज करने सहित दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए लाठीचार्ज की कटु शब्दों में निंदा करते हुए विस्तार से चर्चा की गई।इस मौके पर महेंद्र तिजोरी वाले शोभरन सिंह ठाकुर ओमप्रकाश पटेल कमलेश पुजारी रवि नामदेव श्रीकांत गुप्ता कमल जैन पुरुषोत्तम राय ओमप्रकाश राय राजेन्द्र पटेल रामकुमार तिवारी धर्मेन्द्र तिजोरी वाले महेश साहू संजीव अहिंसा गोविंद पाली राधेश शर्मा सुजान पटेल राहुल अहिंसा मिंटू राय माधव वर्मा सतीश नीम वाले गुलजारी ठाकुर अनिल पुजारी महेश राय मोटू सेठ पीताम्बर लखेरा दिनेश वरिया वाले श्रीकांत गुप्ता गुलाब कुशवाहा शिवराज पटेल मोहन विश्वकर्मा नजीर भाईजान प्रतीक स्वदेशी राहुल रजक अमिताभ मोदी के के महंत रामकुमार पटेल कमलेश पटेल पंकज पटेल पूरन मेहरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नियमों को ताक पर रखकर बसाई जा रही थी अवैध कॉलोनी, कलेक्टर न्यायालय ने खारिज किया प्रकरण







**तेंदूखेड़ा।** नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा तहसील अंतर्गत आने वाली शारदा नगर कॉलोनी पूरी तरह अवैध पाई गई है। आर्यन कॉलोनाइजर द्वारा तमाम प्रशासनिक नियमों टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के प्रावधानों और न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना कर इस कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर न्यायालय ने विकास अनुमति के प्रकरण को खारिज कर दिया है। जिससे कॉलोनाइजर के अवैध मंसूबों पर बड़ा कानूनी शिकंजा कसा है।

### जांच में खुली पोल

अनुविभागीय अधिकारी द्वारा की गई शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हो गया था कि शारदा नगर कॉलोनी पूरी तरह से अवैध है। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि कॉलोनाइजर ने बिना वैध अनुमति और स्वीकृत अभिन्यास के जमीनों पर प्लॉटिंग का काम शुरू कर दिया था। इसके बाद मामले की फाइल कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन थी जहां लंबे समय तक सुनवाई चली।

### कलेक्टर के आदेश के बाद भी जमा नहीं किया विकास शुल्क

दस्तावेजों के अनुसार जिला कलेक्टर न्यायालय द्वारा कॉलोनाइजर को विकास शुल्क और अन्य अंतर राशि जमा करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन कॉलोनाइजर द्वारा आदेशों की अनदेखी करते हुए आवश्यक विकास शुल्क जमा नहीं किया गया। लगातार पेशियों से गैर हाजिर रहने और अभिरुचि न दिखाने के कारण अंततः कलेक्टर न्यायालय ने प्रकरण को खारिज करते हुए खारिज करने का आदेश पारित कर दिया।

*विवादित खसरा नंबर छिपाने और कूटरचना का आरोप*

जांच में यह भी सामने आया है कि इस कॉलोनी से जुड़ा खसरा नंबर 237/1क कुल रकवा 0.165 हेक्टेयर वर्ष 2013-14 से लगातार राजस्व एवं दीवानी अदालतों में अत्यंत गंभीर रूप से विवादित रहा है। कॉलोनाइजर द्वारा इस विवाद से पूरी तरह वाकिफ था। इसके बावजूद उसने संपत्ति का मालिकाना हक न होने की बात को छिपाया और निम्नलिखित विभागों के साथ धोखाधड़ी व कूटरचना की नगर तथा ग्राम निवेश विभाग जबलपुर के यहां यहाँ कूटरचना कर अभिन्यास स्वीकृत कराने का प्रयास किया गया। स्थानीय नगरीय निकाय में विकास अनुमति और अवैध निर्माण कार्यों को छिपाकर अनाधिकृत रूप से प्लॉटिंग की गई। शासकीय जांच की दिशा को प्रभावित और भ्रमित करने का प्रयास किया गया। जिला कलेक्टर एवं अन्य राजस्व प्राधिकारी के समक्ष अवैध कॉलोनाइजर के कृत्यों पर पर्दा डालने के लिए भ्रामक आवेदन और जवाब प्रस्तुत किए गए।

### कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

प्रशासनिक अनुमति निरस्त होने और लाइसेंस रद्द होने के बाद अब इस कॉलोनी की जमीनों को खरीदने वाले आम नागरिक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। मौके पर स्थिति यह है कि कॉलोनी के भीतर सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे जलभराव और कीचड़ की स्थिति बनी हुई है। जिससे रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई के बाद अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। जानकारों का कहना है कि प्रशासन जल्द ही इस अवैध कॉलोनी पर सख्त कार्रवाई या अन्य कठोर प्रशासनिक कदम उठा सकता है।